नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 भारत मंडपम में लगेगा एआई का महाकुंभ


6 कपास उत्पादकों के सामने नया संकट


7 वैश्विक कारकों पर निवेशकों की नजर


8 भारत ए महिला टीम ने पाक को 8 विकेट से हराया

# भारत पर दुनिया को भरोसा

## 2026 बजट सिर्फ एक सालाना हिसाब-किताब नहीं | 114 राफेल जेट फ्रांस से खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली, 15 फरवरी. पीएम नरेंद्र मोदी ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में भारत के भविष्य का पूरा रोडमैप रख दिया है. उन्होंने बताया कि बजट 2026 सिर्फ एक सालाना हिसाब-किताब नहीं है, बल्कि यह भारत के विकसित राष्ट्र बनने की तड़प को दिखाता है. पीएम ने एक बहुत ही दमदार बात कही- यह बजट किसी मजबूरी में लिया गया अभी नहीं तो कभी नहीं वाला फैसला नहीं है. उन्होंने कहा कि भारत पर दुनिया का भरोसा बढ़ गया है.**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में पिछले कुछ सालों से जो राजनैतिक स्थिरता और भविष्यवाणी रही है, उसने विदेशी निवेशकों का खोया हुआ भरोसा वापस लौटाया है. अब भारत जब किसी देश के साथ व्यापार समझौता करता है, तो वह गिड़गिड़ाता नहीं है, बल्कि अपनी ताकत (मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई और सर्विस सेक्टर) के दम पर बात करता है. भारत अब तक 38 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कर चुका है.

पीएम ने कहा कि पहले (यूपीए के समय) बातचीत शुरू होती थी और फिर टूट जाती थी, क्योंकि तब भारत की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह डंके की चोट पर बात कर सके. भले ही भारत फ्रांस से 114 राफेल जेट खरीदने जा रहा है, लेकिन पीएम ने साफ किया कि आत्मनिर्भरता ही असली टारगेट है.



उन्होंने कहा कि आज की हकीकत को देखते हुए सेना को आधुनिक बनाना हमारी जिम्मेदारी है. सरकार सेना को मजबूत करने के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेगी. पीएम ने कहा कि आज भारत डिजिटल दुनिया का नेता है और यूपीआई इसका सबसे बड़ा उदाहरण है. भविष्य में डेटा सेंटर्स हमारे युवाओं के लिए नौकरियों का सबसे बड़ा जरिया बनेंगे. उन्होंने पूरी दुनिया को न्योता दिया कि वे अपना डेटा स्टोर करने के लिए भारत आएं. पीएम ने बड़े विश्वास के साथ कहा कि विकसित भारत बनाने में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का हर फैसला महिला कल्याण को ध्यान में रखकर ही लिया जाता है. पीएम मोदी का यह इंटरव्यू साफ संदेश देता है कि भारत अब दुनिया की मेज पर बराबरी की जगह चाहता है. चाहे वो ट्रेड डील हो, डेटा हो या डिफेंस- भारत का रुख अब रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक है.

### अगले दशक के लिए 3 सुपर रिफॉर्म्स

प्रधानमंत्री ने अगले 10 सालों के लिए 3 प्राथमिकताओं पर जोर दिया है:

- स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स: व्यवस्था में बुनियादी बदलाव.
- गहरा नवाचार: नई तकनीकों पर और ज्यादा काम.
- सिंपल गवर्नेंस: शासन को इतना आसान बनाएं ताकि जनता परेशान न हो.



# महाशिवरात्रि पर मोहन की शिव आराधना

- प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना
- शिव भक्तों के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**भोपाल, 15 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भोपाल के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नागरिकों को महाशिवरात्रि की बधाई देते हुए सभी के साथ महाशिवरात्रि पर्व मनाया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। वे महाशिवरात्रि पर्व पर शिवभक्तगणों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। पुलिस बैंड के सदस्यों सहित अनेक युवाओं ने डमरू दल के साथ पारम्परिक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शिव बारात को रवाना किया और बारात का रथ भी खींचा। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकगण उत्साह, उमंग से बारात में शामिल हुए। इस दौरान हर-हर महादेव और जय महाकाल के सामूहिक स्वर से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। महाशिवरात्रि के कार्यक्रम और शिव बारात में अनेक जनप्रतिनिधि और शिव भक्त भी शामिल हुए। इनमें सांसद आलोक शर्मा, महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, रविंद्र यति, राहुल कोठारी सहित महाशिवरात्रि पर्व आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं।

## एक नजर में



### गढ़कैलाश महादेव का 11 लाख रुपए से श्रृंगार

**रतलाम।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सुबह से देर रात तक शिवलायों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। दिनभर अनेक आयोजन हुए। शहर के अति प्राचीन श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर में भगवान का 11 लाख रुपए के नोटों से भव्य श्रृंगार किया गया है। श्री गढ़ कैलाश सेवा समिति ट्रस्ट के संरक्षक अशोक चौटाला, अध्यक्ष सतीश राठौड़, सतीश भारतीय ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर में विशेष सजावट और व्यवस्था की गई हैं। इस बार भी पिछले वर्ष की तरह लाखों रूपए से मंदिर में सजावट की गई हैं। 11 लाख रुपए के नोटों के अलावा सिक्कों से नारियल बनाकर तोरण द्वार भी सजाया गया। दर्शन के लिए सुबह से दोपहर तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

### लेबनान में इजरायल ने किए 14 हवाई हमले

**बेरूत.** इजरायल की वायुसेना ने रविवार तड़के दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में सिलसिलेवार हवाई हमले किए. लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है. सूत्रों ने बताया, बीती रात इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई क्षेत्रों पर भारी निर्देशित मिसाइलों से शक्तिशाली हमलों को अंजाम दिया. सूत्रों के अनुसार, ये हमले कई चरणों में किए गए. कुल 14 हवाई हमले दर्ज किए गए. लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने भी कई अन्य हमलों की सूचना दी है. इजरायली सेना ने अपने अरबी भाषा के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जारी बयान में कहा है कि दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह आंदोलन के सैन्य ढांचे से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बनाया गया है.

### केमिकल फैक्ट्री में धमाके से दो मजदूरों की मौत

**मंड्या.** कर्नाटक के मंड्या जिले के करेकट्टे गांव के पास स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में रविवार को भीषण विस्फोट हो गया। इस दर्दनाक हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस धमाके को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब फैक्ट्री को एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा था और रासायनिक भंडारण टैंक को खाली करने की प्रक्रिया चल रही थी। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक,विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई।

### ईरान ने अमेरिका को दिया ऑफर

**तेहरान.** अमेरिका-ईरान के बढ़े हुए तनाव के बीच एक ऐसी खबर आई है, जो डोनाल्ड ट्रंप के लिए डील कम और चैलेंज ज्यादा है. दरअसल ईरान के उप विदेश मंत्री मंजीद तख्त रवांची ने अमेरिका के सामने एक शर्त रखी है. उन्होंने कहा है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों में राहत पर बातचीत करने को तैयार हो, तो वह परमाणु समझौते के लिए कुछ समझौते करने पर विचार कर सकता है. रवांची ने कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है और अगर अमेरिका ईमानदारी दिखाए, तो समझौते की राह खुल सकती है.

# कल पीएम पद की शपथ लेंगे तारिक

**ढाका, 15 फरवरी. बांग्लादेश में बीएनपी नेता तारिक रहमान 17 फरवरी, मंगलवार की शाम प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. नई कैबिनेट के शपथ समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और इसे बड़े कूटनीतिक आयोजन के तौर पर पेश किया जा रहा है.**

अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने शपथ समारोह में शामिल होने के लिए 13 देशों के सरकार प्रमुखों को निमंत्रण भेजा है. यह कदम बांग्लादेश की नई सरकार की विदेश नीति और क्षेत्रीय संतुलन की दिशा का संकेत माना जा रहा है. जिन देशों को न्योता भेजा गया है, उनमें भारत, चीन, सऊदी अरब, पाकिस्तान, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं. दक्षिण एशिया से लेकर पश्चिम एशिया तक के देशों को एक साथ बुलाना इस समारोह को कूटनीतिक रूप से अहम बना रहा है. बता दें कि बांग्लादेश चुनाव में 209 सीटों पर बीएनपी ने जीत दर्ज की. जबकि जमात गठबंधन ने 68 सीटें हासिल की हैं.



### भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ओम बिरला

नई दिल्ली, 15 फरवरी. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की नव निर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा है कि इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष की उपस्थिति भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच गहरी और पक्की मित्रता को दिखाती है।

# गर्लफ्रेंड को बचाने प्रेमी ने किया हमला

**खंडवा। वैलेंटाइन डे की शाम खंडवा में एक खूनी संघर्ष के साथ खत्म हुई। शहर से महज 8 किलोमीटर दूर हरसूद रोड पर रुधी गांव के पास एक प्रेमी जोड़े के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकूबाजी हो गई। इस दौरान एक युवक की मौत हो गई।**



**खंडवा में छेड़छाड़ का विरोध करने पर हुई चाकूबाजी**

**मृतक के दोस्तों पर छेड़छाड़ और प्रेमी पर हत्या का केस**

खंडवा की एक महिला अपने प्रेमी हर्ष थापा के साथ वैलेंटाइन डे मनाने के लिए शहर के बाहर गई थी। दोनों हरसूद रोड स्थित ढाबा के सामने एक ईंट-भट्टे के पास बनी टपरी के पास बैठे बातें कर रहे थे। इसी दौरान पास के गांव के तीन युवक भावेश पाल (19), मयंक और सचिन वहां पहुंचे। सुनसान जगह पर जोड़े को देख तीनों ने फब्तियां कसनी शुरू कर दीं और महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगे। महिला के बयानों के मुताबिक, जब उसके प्रेमी हर्ष ने छेड़छाड़ का विरोध किया, तो तीनों युवक मारपीट पर उतार आए। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने हर्ष के सिर पर ईंट मारी और वे अपने साथ चाकू भी लेकर आए थे। हाथापाई और छीना-झपटी के दौरान यह चाकू हर्ष के हाथ लग गया जो सीधे भावेश पाल के सीने में जा घुसा। गंभीर रूप से घायल भावेश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। टीआई, कोतवाली थाना प्रवीण आर्य ने बताया कि आरोपी हर्ष थापा को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला के बयानों के आधार पर दूसरे पक्ष पर भी छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### 22 अप्रैल से खुलेंगे बाबा केदारनाथ के कपाट

**देहरादून.** उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को वृष लग्न में खोले जाएंगे. इसकी आधिकारिक घोषणा शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में विधि-विधान के साथ की गई. घोषणा के बाद से ही भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है. मंदिर समिति के अनुसार, बुधवार (22 अप्रैल) सुबह 8 बजे शुभ वृष लग्न में कपाट खुलेंगे. इसी के साथ 6 महीने तक चलने वाली केदारनाथ यात्रा की शुरुआत हो जाएगी. इस साल टी गंगाधर लिंग को बाबा केदारनाथ धाम में मुख्य पुजारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. परंपरानुसार पूजा-अर्चना दक्षिण भारत के रावल पुजारियों द्वारा ही की जाती है.

# विस का बजट सत्र आज से

**राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत**

**विस अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा**

**भोपाल, 15 फरवरी. मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल के अभिभाषण के साथ प्रारंभ होगा. सोलहवीं विधानसभा का यह नवां सत्र छह मार्च तक प्रस्तावित है. इस 19 दिवसीय सत्र के दौरान 12 बैठकें संभावित हैं.**

सत्र के दौरान 18 फरवरी को राज्य सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपना वार्षिक बजट पेश करेगी. सत्र में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तृतीय अनुपूरक बजट को भी पारित किया जाएगा. विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बजट सत्र की शुरुआत के एक दिन पहले रविवार को विधानसभा भवन में तैयारियों का जायजा लिया. इस अवसर पर प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

विधानसभा सचिवालय के अनुसार सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक तारांकित प्रश्न 1750 और अतारांकित प्रश्न 1728, कुल 3478 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं. ध्यानाकर्षण की 236, स्थगन प्रस्ताव की 10, अशासकीय संकल्प की 41 और शून्यकाल की 83 सूचनाएं भी मिली हैं. वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों ने सत्र के दौरान राज्य से जुड़े प्रमुख मुद्दे उठाने के लिए तैयारी की है.

# ब्रह्मपुत्र के नीचे बनेगी दुनिया की दूसरी रेलवे अंडर वाटर टनल

**नई दिल्ली, 15 फरवरी. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि ब्रह्मपुत्र के नीचे नुमालीगढ़ टनल दुनिया की दूसरी अंडरवाटर टनल होगी, जो रेल आवागमन को आसान बनाने में सक्षम होगी। उन्होंने इस प्रोजेक्ट को पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी और रणनीतिक लॉजिस्टिक्स के लिए गेम-चेंजर बताया।**

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि गोहपुर-नुमालीगढ़ टनल, जिसकी अनुमानित लागत 18,622 करोड़ रुपए है. ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे बनाई जाएगी और इसे सड़क व रेल दोनों तरह के ट्रैफिक के लिए डिजाइन किया जाएगा। प्रोजेक्ट पूरा हो जाने पर इससे उत्तरी और ऊपरी असम के बीच यात्रा का समय बहुत कम हो जाएगा, साथ ही पूरे इलाके में रक्षा और माल ढुलाई भी मजबूत होगी।



सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का बड़ा ऐलान

# वकील हत्याकांड: तीन शूटर गिरफ्तार

- शॉर्ट एनकाउंटर के दौरान एक शूटर जख्मी
- जमीन विवाद और चुनावी रंजिश के कारण की थी हत्या

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी. शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर के बाद तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है. एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हुआ है. प्रारंभिक जांच में जमीन विवाद और चुनावी रंजिश हत्या का कारण सामने आया है.**

थाना करैरा क्षेत्र के चिरली तिराहा के पास यह शॉर्ट एनकाउंटर हुआ. गौरतलब है कि शनिवार सुबह घरियाली मोहल्ला, पुराना बाजार निवासी अधिवक्ता संजय सक्सेना रोजाना की तरह बाइक से न्यायालय जा रहे थे. आनंद सागर मंदिर के पीछे सिद्धन रोड पर घात लगाए बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी. वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी. जानकारी के मुताबिक एनकाउंटर में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बड़ौनी के घुघसी निवासी गोलू रावत, डबरा के चांदपुर निवासी पपेंद्र रावत और बड़ौनी के घुघसी निवासी जहीर मुसलमान शामिल हैं.



**अमित शाह बोले... झूठ फैलाकर भ्रम फैला रहे राहुल, एफटीए और ट्रेड डील पर बहस को तैयार भाजपा**

# डिजिटल से आएगी राशन वितरण में पारदर्शिता

**गांधीनगर, 15 फरवरी. गुजरात की राजधानी गांधीनगर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को खुली बहस की चुनौती दे दी। मुद्दा था अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और इंग्लैंड के साथ हुए व्यापार समझौते (ट्रेड डील).**

शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के किसानों को भ्रमित कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किसानों के हितों से समझौता करने का झूठा आरोप लगा रहे हैं। कार्यक्रम में भारत की पहली सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की शुरुआत भी की गई, जिसे तकनीकी और प्रशासनिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम बताया गया.



गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना देश के करोड़ों गरीब परिवारों के लिए संबल बनी है। अब इसे डिजिटल तकनीक से जोड़कर और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है। सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी आधारित यह प्रणाली राशन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएगी और बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करेगी। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग से न केवल भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा, बल्कि लाभार्थियों को समय पर और सही मात्रा में अनाज उपलब्ध होगा. डिजिटल भुगतान प्रणाली से प्रत्येक लेन-देन का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर पांच अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का भी शुभारंभ किया गया, जिनमें पोषण सुदृढ़ीकरण, अन्नपूर्ति मशीनों का विस्तार और उपभोक्ता सुविधा से जुड़े प्रावधान शामिल हैं। 'गरिमा पोषण' कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित कर उन्हें पोषण सुरक्षा की दिशा में सशक्त किया गया।

# पुजारी की गला रेतकर हत्या

- कुसमी थाना क्षेत्र में वारदात से फैली दहशत
- दो अज्ञात युवकों ने पुजारी पर अचानक किया हमला

**सीधी, 15 फरवरी. महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व के दिन सीधी जिले के कुसमी थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सुबह-सुबह जब श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना में जुटे थे, उसी समय एक पुजारी की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।**

इन्द्रभान द्विवेदी, जो तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी थे, रोज की तरह सुबह करीब 7 से 8 बजे के बीच घर से मंदिर की ओर पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से पुजारी का गला रेत दिया।

वार इतना घातक था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कुसमी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।